# बिजिनेस केस :स्कूल प्रवेश प्रणाली के लिए एक स्मार्ट एआई समाधान

Dr. Om shankar Gupta

**समस्या परिभाषा**

हर वर्ष स्कूलों को एडमिशन से संबंधित हजारों प्रश्न मिलते हैं, जैसे "एडमिशन कब शुरू होगा?", "फीस क्या है?", "ऑनलाइन फॉर्म कहाँ मिलेगा?", "हॉस्टल की सुविधा है या नहीं?", आदि। इन सभी सवालों का मैन्युअल रूप से जवाब देना स्कूल प्रशासन के लिए समय लेने वाला, थकाऊ और कभी-कभी गलतियों से भरा होता है। इसके कारण प्रतिक्रिया देने का समय बढ़ता है और कई बार संभावित विद्यार्थी या उनके अभिभावक दूसरी संस्थाओं की ओर रुख कर लेते हैं। साथ ही, एडमिन स्टाफ का एक बड़ा हिस्सा केवल इन एक जैसे सवालों में उलझा रहता है जिससे उनके अन्य कार्य प्रभावित होते हैं।

**प्रस्तावित एआई एजेंट समाधान**

इस समस्या का समाधान एक एआई -सक्षम एडमिशन चैटबोट, जिसे हम एडूबोट नाम दे सकते हैं। यह एक स्मार्ट एडमिशन सहायक होगा जो स्कूल की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, और फेसबुक मैसेंजर जैसे प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध रहेगा। यह एजेंट टेक्स्ट और वॉइस दोनों मोड में काम करेगा और हिंदी, इंग्लिश तथा क्षेत्रीय भाषाओं में संवाद करने में सक्षम होगा। जैसे ही कोई अभिभावक टाइप करेगा, "कक्षा 1 के लिए एडमिशन की अंतिम तिथि क्या है?", बोट तुरंत सही जवाब देगा और जरूरी लिंक या फॉर्म भी प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, यह एजेंट पैरेंट को प्रवेश प्रक्रिया, दस्तावेज़ों की चेकलिस्ट, फीस स्ट्रक्चर, हॉस्टल डिटेल्स, ट्रांसपोर्ट की सुविधा, और प्रवेश परीक्षा की तिथि जैसे सभी प्रश्नों के उत्तर तुरंत देगा।

**प्रभाव और मापन योग्य लाभ**

एआई के लागू होने से प्रतिक्रिया देने का समय घटकर सेकंड्स में आ जाएगा, जिससे अभिभावकों को तुरंत जानकारी मिल सकेगी। इससे एडमिन स्टाफ का लोड 70% तक कम होगा और वे अन्य जटिल मामलों पर बेहतर फोकस कर पाएंगे। साथ ही, एडमिशन कन्वर्शन रेट में लगभग 25% से 30% तक की वृद्धि हो सकती है क्योंकि जानकारी सुलभ होने से निर्णय करना तेज़ और आसन होता है। माता-पिता की संतुष्टि यानी सीएसएटी स्कोर भी ऊँचा रहेगा रियल टाइम सपोर्ट मिलेगा।